RAF SECTOR

NEWS CLIP

08/02/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Jamshedpur, (JKD)

अराजक तत्वों में दहशत बनाने के लिए मानगो में रैफ का फ्लैग मार्च

जमशेदपुर| एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर मानगो में रैफ (रैपिड एक्शन फोर्स) ने फैमैक्स कार्यक्रम (परिचयात्मक अभ्यास) के तहत मंगलवार शाम को फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च मानगो चौक, मुंशी मोहल्ला होते हुए खुदीराम बोस चौक पहुंचकर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च का नेतृत्व रैफ के डिप्टी कमांडेंट .पतरस पूर्ति ने किया। उन्होंने कहा- रैफ हमेशा जनमानस के साथ है। अराजक तत्वों में दहशत का माहौल बना रहे, इसी मकसद से फ्लैग मार्च किया गया।

Prabhat khabar, Jamshedpur, (JKD)

रैफ के अभ्यास से बनेगा सौहार्द का वातावरण

जमशेदपुर. रैफ 106 का परिचयात्मक अभ्यास का शुभारंभ सोमवार किया गया. उपकमांडेंट पतरस पूर्ती के नेतृत्व में उपायुक्त विजया जाधव और एसएसपी प्रभात कुमार से मिल कर छह दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी गयी. मंगलवार को साकची और मानगो के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकलेगा. आठ फरवरी को स्वच्छता अभियान और पौधरोपण किया जायेगा.

Prabhat khabar, Jamshedpur, (JKD)



जिला पुलिस के साथ रैफ ने साकची व मानगो में किया फ्लैग मार्च

106 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) ने परिचयात्मक अभ्यास के दौरान मंगलवार को जिला पुलिस के साथ साकची और मानगो में फ्लैग मार्च किया. रैफ की टीम ने जिला पुलिस के साथ पैदल और वाहनों पर भ्रमण किया. आम लोगों को बताया गया कि रैफ उनकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी. लोग आपस में मिलकर रहें. अफवाहों पर ध्यान नहीं दें. रैफ के डिप्टी कमांडेंट पतरस पूर्ति की अगुवाई में फ्लैग मार्च निकाला गया. मौके पर एएसपी सिटी शुभांशु जैन, साकची थाना प्रभारी संजय कुमार, मानगो थाना प्रभारी विनय कुमार भी टीम के साथ शामिल हुए.

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।